## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने टीबी जागरूकता रथ को किया रवाना

# टीबी के मरीजों को गोद लेने की जरूरत : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत झारखंड के चार जिले रामगढ़, सिमडेगा, हजारीबाग ओर गुमला में 100 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ रांची सदर अस्पताल परिसर से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया।

100 दिवसीय टीबी रोग उन्मूलन विशेष अभियान 7 दिसंबर से 18 मार्च 2025 तक राज्य के चार जिले हजारीबाग रामगढ़ सिमडेगा और गुमला में विशेष अभियान के रूप में चलाया जाएगा। जिसका लक्ष्य टीबी के मरीजों को पहचान कर उन्हें सही समय पर इलाज उपलब्ध कराना है।

मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए राज्य के चार अति प्रभावित जिलों में 100 दिवसीय विशेष अभियान की शुरूआत की जा रही है। आज से 3 साल पहले मेरे द्वारा 27 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया था और आज वे सभी पूरी तरह से स्वस्थ हैं। टीबी का उन्मूलन देश भर में हो जाए यही हमारा लक्ष्य है। साथ ही सभी जनप्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाओं को भी टीबी के मरीजों को गोद लेने की जरूरत है। टीबी के मरीजों को गोद लेकर बेहतर पोषण आहार उपलब्ध कराने से टीबी को रोका जा सकता है।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आज 100 दिनों के लिए अभियान की शुरूआत की गई है। केंद्र सरकार भारत से टीबी को खत्म करना चाहती है और इसी के तहत अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड सरकार को टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए जोर-शोर से अभियान चलाने की जरूरत है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि देशभर में इस अभियान की शुरूआत पंचकूला से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के द्वारा की जा रही है। 2025 तक भारत और झारखंड को टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। व्यापक रूप से अभियान चलाकर टीबी को खत्म करना हमारी प्राथमिकता है। हमें गांव एवं पंचायत स्तर पर रोगियों की जांच कर उनकी पहचान करना एवं उसके बाद उन्हें संपूर्ण इलाज उपलब्ध कराना है। गांव एवं पंचायत स्तर पर बेहतर काम करने वाले टीवी चैंपियन, निश्चय मित्र एवं अन्य कार्यकतार्ओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

अभियान निदेशक अबु इमरान ने कहा कि गुमला, सिमडेगा, हजारीबाग और रामगढ़ जिलों के गांव-गांव तक पहुंच कर हमें जन मानस को जागरुक करते हुए टीबी के मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू करना है।

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि टीबी के उन्मूलन के लिए 100 दिनों तक विशेष अभियान के रूप में लगातार काम किया जाएगा। टीबी की जांच के लिए गांव- गांव में वैन रवाना किया गया है ताकि लोगों को जांच की सुविधा मिल सके। टीबी से अति प्रभावित चार जिलों में यह प्रोग्राम चलाया जा रहा है।

## जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# लोगों की समस्या का निदान करना प्राथमिकता : उपायुक्त



**सभी कोई कार्यालय समय पर पहुंचे**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों से क्रमवार जानकारी लेते हुए उनसे फायर सेफ्टी, साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय की साफ-सफाई, लिफ्ट एवं अन्य सम्बंधित मामलों की जानकारी लेते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी वरीय पदाधिकारियों को आईकार्ड दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी वरीय पदाधिकारियों को आईकार्ड दिया। वहीं कहा की जन शिकायतों को प्राथमिकता दे। सभी अधिकारी/ पदाधिकारी/ कर्मी समाहरणालय में आईकार्ड लगा कर आए। सभी कोई कार्यालय समय पर पहुचें। सभी को समय का पालन करना अतिआवश्यक है। उपायुक्त ने बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारी/ पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी सम्बंधित अधिकारी/ पदाधिकारी अपने दिए गए उत्तरदायित्व का पालन अच्छे से करें। सभी कार्यों का निष्पादन सही समय से करें। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारी/ पदाधिकारी को विशेष से रूप से कहा की लोगों के समस्या का निदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी हालत में कोताही नही बरतें, लोगों की जिला प्रशासन से बहुत सारी अपेक्षा एवं उम्मीदें है। उन पर खरा उतरना हम सब की जिम्मेदारी है। योग्य लाभुकों को सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। ताकि योग्य लाभुकों को इसका लाभ मिल सकें। जमीनी स्तर से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उतारना सब सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी है।

## न्यूज बॉक्स

### कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग आज

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वाधान में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग का आयोजन रविवार को सुबह आठ बजे से बिशप स्कूल बहु बाजार में किया गया है। इसमें रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों से लगभग 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा एडवांस कुमिते (फाइट) एवं काता का प्रशिक्षण देंगे। साथ ही सभी खिलाड़ियों का येलो बेल्ट से ब्लैक बेल्ट तक का ग्रेडिंग भी होगा। शिविर की अधिक जानकारी 98351 65518 पर ली जा सकती है।

### रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन



**रांची।** शनिवार को मेन रोड़ के डॉ फतेहउल्लाह रोड़ में रक्तदान-महादान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ फतेहउल्लाह साहब और मौलाना शोऐब रहमानी साहब की याद में यह रक्तदान शिविर लगाया गया था। इस दौरान 12 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ जो सदर अस्पताल ब्लड बैंक को समर्पित किया गया। रक्तदान शिविर में ही सात नियमित रक्तदाताओं को लहू बोलेगा के द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया। राजधानी रांची के ईदेन डॉ मौलाना असगर मिसबाही एवं डॉ फतेहुल्लाह मस्जिद के ईमाम अब्दुल समी को लहू बोलेगा के द्वारा शॉल देकर स्वागत किया। रक्तदान करने वालों में जफर आलम, मारूफ अहमद, इंताब अलाम मुलायम, उमर खान, मो नेहालउद्दीन, मो इश्तेयाक, जावेद इकबाल, मो शोऐब, नाजिश मजहर, नाफिश हुसैन, अब्दुल सलाम, इनैब मुस्तफा थे।

### निशुल्क डेंटल शिविर का आयोजन



**रांची।** छात्र क्लब चिकित्सक मंच के तत्वावधान में शनिवार को निशुल्क डेंटल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। किशोर डेंटल के प्रबंध निदेशक डॉ.ललित किशोर एवं डॉक्टर शेख शाहीन ने मुख एवं दंत से पीड़ित 27 मरीजों की निशुल्क जांच कर दवाइयां दी। साथ ही ठंड के मौसम मे दंत रोग से बचने की सुझाव भी दिए। मौके पर मुख्यअतिथि लायंस क्लब का रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया एवं विशिष्ट अतिथि विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र क्लब चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा ने किया। लायन राजेश केडिया ने कहा चिकित्सक भी समाजसेवी हैं। चिकित्सकों का हमेशा सम्मान करें। शिविर को सफल बनाने में मुख्यरूप से राजकिशोर राणा, विनोद कुमार चौधरी, अनूप आनंद, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार राणा, उर्वी कुमारी शुभम कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### समर्पण शाखा ने किया खाद्य पदार्थों का वितरण




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की ओर से गुरु नानक हैंडिकैप्ड अनाथ आश्रम में बच्चों के बीच खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए उनके बीच कई प्रकार के गेम्स खिलाए गए। साथ ही बच्चों को उपहार दिया गया। सभी बच्चे गेम्स खेल कर बहुत खुश हुए। इस कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, दीपिका मोतीका,पायल जैन, कविता जालान और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति अभियान का आयोजन




**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन ने पेरवाघाघ, पांडु, पुडिंग सहित अन्य जगहों पर नशा मुक्ति अभियान चलाया। ग्रामीणों को स्लोगन युक्त तख्तियों के द्वारा नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने पेरवाघाघ, पांडु, पुडिंग के प्राकृतिक एवं नैसर्गिक वातावरण का अवलोकन किया। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर नशा प्रवृत्ति को अंकुश लगाना एवं इसके सामाजिक-सांस्कृतिक दुष्प्रभावों को प्रकाशित करना था।

### पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम रोग से बचाव के लिए योग जरूरी : योगाचार्य



**रांची।** योगाचार्य महेश पाल ने कहा कि पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम रोग से बचाव के लिए करे योग जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं जो घर और बाहर के कामों को तो अच्छे से संभाल लेती हैं लेकिन खुद की छोटी-छोटी समस्याओं को नजर अंदाज कर देती है। वह छोटी-छोटी समस्याएं आगे जाकर गंभीर बीमारी के रूप में उभरती है। इन्हीं में से एक है पीसीओडी। उन्होंने कहा कि जब पीसीओडी होता है तो हमारे सामने कई लक्षण नजर आते हैं जिनमें चेहरे पर कील मुहासे होना, वजन बढ़ना, अनियमित पीरियड्स या पीरियड्स का पूरी तरह बंद हो जाना, ज्यादा रक्तस्त्राव होना, त्वचा का काला पड़ना, चेहरे पर बाल उगना, सर दर्द होना नींद में कमी आदि। पीसीओडी यानी पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज, पीसीओडी की समस्या महिलाओं और लड़कियों में बहुत ही कॉमन हो गई है। उन्होंने कहा कि देश में करीब 10% से भी अधिक महिला आबादी पीसीओडी की समस्या से ग्रसित है। पीसीओडी का मतलब है पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज जो महिलाओं में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। पीसीओडी की समस्या अधिकतर 14 वर्ष से 45 वर्ष की लड़कियों व महिलाओं में ज्यादा देखने को मिलती हैं।

# बुंदेलखंड में तसर रेशम की व्यापक संभावनाएं: डॉ एनबी चौधरी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची और रेशम विकास विभाग झांसी के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय रेशम फार्म घिसौली बबीना झांसी में तसर किसान मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. एनबी चौधरी निदेशक सीएसबी सी टीआरटीआई रांची ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए झांसी का चयन तसर उत्पादकों एवं बीज कोकून उत्पादकों का केंद्र बिंदु होने के मद्देनजर किया गया है। यह भी कहा कि बुंदेलखंड में तसर रेशम की अपार संभावना है साथ ही यहां की जलवायु भी अच्छी है।

## सीसीएल में मनाया गया 'एनसीडीसी स्थापना दिवस'

# एनसीडीसी ने सीसीएल की नींव को मजबूत किया : नीलेंदु

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में शनिवार को एनसीडीसी स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सीएमडी सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। सीएमडी ने अपने संबोधन में कहा कि नेशनल कोल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनसीडीसी) ने कोल इंडिया लिमिटेड एवं सीसीएल की नींव को मजबूत किया है और उनके मार्गदर्शन और अनुभव के कारण कंपनी आज देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है। इस कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी अन्य सहायक कंपनियों के पूर्व अध्यक्षों, निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और एनसीडीसी के पूर्व कर्मचारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में पूर्व चेयरमैन, सीआईएल डॉ एमपी नारायणन, पूर्व चेयरमैन, सीआईएल प्रमोद अग्रवाल, पूर्व सीएमडी, डब्ल्यूसीएल आरडी रॉय, पूर्व सीएमडी, सीसीएल/ सीएमपीडीआईएल एसके वर्मा, पूर्व सीएमडी, सीसीएल बी. अकला, पूर्व सीएमडी, सीसीएल आरपी रिटोलिया और पूर्व चेयरमैन, कोल इंडिया लिमिटेड एवं पूर्व सीएमडी, सीसीएल गोपाल सिंह शामिल थे। इनके अलावा, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक तकनीकी ( संचालन) हरीश दुहन, निदेशक (परियोजना एवं योजना) सतीश झा और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एनसीडीसी के पूर्व कर्मियों ने सीसीएल की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला और अपने अनुभवों व स्मृतियों को साझा किया। इस अवसर पर पूर्व सीएमडी, सीसीएल बी। अक्काला ने 'केएस चारी मेमोरियल लेक्चर' दिया। सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सभी गणमान्य अतिथियों का शॉल, नारियल और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और अपने सम्बोधन में कहा कि एनसीडीसी की विरासत और मार्गदर्शन ने कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों को नए आयाम तक पहुंचाने में मदद की है। कार्यक्रम के दौरान एचआर मैगजीन का विमोचन किया गया, जिसमें सीसीएल की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों को दशार्या गया है।

### विज्ञापन एजेंसी बकाया राशि का भुगतान जल्द करें : अपर प्रशासक



**रांची।** रांची नगर निगम में निबंधित विज्ञापन एजेंसियों के साथ निगम के सभागार कक्ष में अपर प्रशासक संजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निगम क्षेत्र में अधिष्ठापित विज्ञापन पट्ट के संबंध में चर्चा की गई और अपर प्रशासक द्वारा एजेन्सियों को निर्देश दिया गया कि सभी विज्ञापन पट्ट में अपना एजेन्सी का नाम ओर साईज प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। साथ ही निगम द्वारा निर्धारित विज्ञापन शुल्क (कर सहित) राशि ससमय जमा करेंगे। सभी विज्ञापन एजेन्सी को बकाया राशि एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश भी दिया गया है।

### धुर्वा क्षेत्र में आज सुबह ढाई घंटे नहीं रहेगी बिजली

**रांची।** धुर्वा सहित आसपास के इलाकों में रविवार को करीब ढाई घंटे सुबह में बिजली नहीं रहेगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल एचईसी के सहायक विद्युत अभियंता गंभीर रजवार ने बताया कि अवर प्रमंडल एचईसी रांची के अंतर्गत 33/11 केवी सब स्टेशन विधानसभा में मरम्मत कार्य होगा। इसके चलते सब स्टेशन से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडरों से सुबह आठ से सुबह 10:30 बजे तक बिजली बंद रहेगी। ये इलाके प्रभावित : चेक पोस्ट, सेक्टर थ्री, विधानसभा गेस्ट हाउस सहित अन्य इलाके शामिल हैं।

# सीसीएल ने ई-ऑटो रिक्शा का किया वितरण

### महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य सेवा में एक नई पहल



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीसीएल ने सीएसआर के तहत महिला सशक्तीकरण और स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अनूठी पहल की गई। एनसीडीसी फाउंडेशन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह और अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में 10 ई-ऑटो रिक्शा का वितरण किया गया।

इन ई-ऑटो रिक्शा का उद्देश्य टीबी एवं अन्य रोगियों को अस्पताल परिसर के भीतर और आसपास की परिवहन सुविधाएं प्रदान करना है। इसके साथ ही, यह पहल आर्थिक रूप से वंचित महिलाओं को आजीविका का स्थायी साधन भी प्रदान करती है। इस परियोजना के तहत, 10 वंचित महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया गया और रामकृष्ण मिशन के मार्गदर्शन में उनकी निगरानी की जा रही है। बैटरी चालित ये ई-रिक्शा न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि इनके रखरखाव का खर्च भी बेहद कम है। यह महिलाएं प्रतिदिन लगभग 500 रुपये तक की आय अर्जित करेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मरीजों के परिवहन के अलावा, ये रिक्शा आसपास के गांवों से अस्पताल और अन्य क्षेत्रों के लिए सुलभ परिवहन सुविधा प्रदान करेंगे। इस पहल का स्थानीय महिलाओं ने हर्षपूर्वक स्वागत किया ई-रिक्शा प्राप्त करने वाली महिलाओं ने सीसीएल और रामकृष्ण मिशन का आभार व्यक्त किया और इस परियोजना को "जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली" पहल बताया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रामकृष्ण मिशन के सहयोग से संचालित यह परियोजना टीबी एवं अन्य मरीजों के लिए परिवहन सेवाओं को सस्ता और सुविधाजनक बनाएगी।

# एसएमई का देश के विकास में अहम योगदान : एफजेसीसीआई

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केनरा बैंक द्वारा आयोजित एमएसएमई कलस्टर आउटरीच प्रोग्राम में झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैंकिंग उप समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान केनरा बैंक द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। बैंक के रांची सर्कल के जीएम सुजीत कुमार साहू ने कहा कि एसएमई का देश के विकास में अहम योगदान है। केनरा बैंक द्वारा यह कार्यक्रम पिछले एक सप्ताह से पूरे देश भर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से एसएमई को लोन सेंक्शन के साथ ही अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। उद्यमियों की सुविधा के लिए चैंबर के निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री और बैंकिंग उप समिति चेयरमेन महेंद्र जैन द्वारा संयुक्त रूप से इस कैंप का आयोजन चैंबर भवन में भी कराने की ईच्छा जताई गई।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती माह का आयोजन कर रहा एचडीएफसी बैंक

**रांची।** एचडीएफसी बैंक भगवान बिरसा मुंडा जयंती माह का आयोजन कर रहा है। इस अभियान में एचडीएफसी ने स्थानीय सामुदायिक समूह, स्वयं सहायता समूहों, नगर निगम की मदद से स्कूलों, कॉलेजों, कॉरपोरेट्स, सरकारी आरडब्ल्यूए और शाखाओं में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया। जोनल हेड कुमार अभिषेक ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आदिवासी कला को बढ़ावा देना और लोगों को स्थानीय आदिवासी उत्पादों के बारे में जागरूक करना है।

## बूटी मोड़ में बसों से यात्रियों का उतार-चढ़ाव फिर शुरु

# वैध स्टैंड सुनसान, अवैध स्टैंड रहता है गुलजार

मनोज मिश्रा




संदीप सिंह

**रांची।** बस स्टैंड में अनेक जिलों और दूसरे प्रदेशों से यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। यह एक ऐसा जगह है जहां यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। अगर बस, स्टैंड में नहीं जाए किसी और स्थान में अवैध स्टैंड बसा दिए जाए तो यात्रियों को वह सुविधाएं नहीं मिल पाएगी, जो स्टैंड में होती है। यात्रियों की सुविधा में कुठाराघात होगा अगर बस स्टैंड तक गाड़ी न जाए।

बस स्टैंड का टेंडर होता है। इस टेंडर की निर्धारित राशि बसों से वसूल कर संवेदक निगम को देते हैं। अगर बसें स्टैंड में नहीं आए तो संवेदक किससे टोल शुल्क लेकर निगम को देंगे। बस स्टैंड में गाड़ी नहीं जाएगी तो सरकार को राजस्व कौन देगा? फलस्वरूप सरकार को राजस्व की भारी क्षति होगी और दूसरी बार कोई संवेदक टेंडर लेने की कोशिश नहीं करेगा। ऐसा बहुत बार हुआ है कि निगम की टेंडर के लिए कोई संवेदक नहीं मिले है जिस कारण टेंडर को रद्द करना पड़ा है या तिथि बढ़ाना पड़ा है।

ऐसा ही अवैध स्टैंड का मामला बूटी मोड़ का है। यहां अवैध रूप से यात्रियों का उतार-चढ़ाव एक बार फिर शुरू हो गया है। वैध स्टैंड सुनसान पड़े हैं अवैध स्टैंड बदस्तूर जारी हैं। बूटी मोड़ कोई बस स्टैंड नहीं फिर किसके सह पर चल रही अवैध स्टैंड? बूटी मोड़ से जुमार पुल तक बसें लगी रहती हैं। यात्रियों को यहीं बसें उतार देती है, गाड़ी स्टैंड नहीं जाती है जिस कारण यात्रियों को असुविधा होने के साथ ऑटो खर्च अलग से जुड़ जाता है।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने नगर प्रशासक संदीप सिंह से बात की। यह पूछे जाने पर कि बूटी मोड़ में अवैध रूप से बसें लगती है और अवैध रूप से यात्रियों का उतार -चढ़ाव होता है। इसमें वैसी बसें भी है जिनके पास कागजात अप टू डेट नहीं होता है। किसी -किसी ड्राइवर के पास या तो ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होती है या लाइसेंस फेल है। राजस्व की दृष्टि से सरकार को नुकसान तो हो ही रहा है साथ ही साथ बेकसूर यात्रियों की जान के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। इस पर नगर निगम प्रशासक संदीप सिंह ने कहा कि इनफोर्समेंट टीम को अवैध स्टैंड की सूचना दी जाएगी और यातायात पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया जाएगा। नियम कानून के विरूद्ध कार्य करने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी।

### आज / कल



## एक नजर

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के चौड़ा के निकट हुए सड़क हादसे में शनिवार की दोपहर टंडवा निवासी नारायण भैया 55 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक पिकअप टंडवा से बीजूपाड़ा की ओर आ रहा था। इसी दौरान उक्त स्थान के निकट असंतुलित होकर एक पेड़ से जाकर टकरा गया। इस हादसे में पेड़ से टकराने से पिकअप में सवार नारायण भैया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिकअप का चालक गाड़ी को ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर चान्हो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। साथ ही गाड़ी को अपनी कब्जे में ले लिया है।

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन में शनिवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ सुजीत कश्यप ने छात्र/छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मरीजों के सांसों की गिनती नर्सेंस पर ही पूरी तरह निर्भर है, क्योंकि डॉक्टर भले ही उपचार बताते है लेकिन उनकी पूरी देखभाल नर्सेंस ही करती है। नितिन पराशर ने कहा कि नर्सेस का संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित है।

### नरकोपी पुलिस ने दो आरोपियों को जेल भेजा

**बेड़ो।** नरकोपी पुलिस ने छापेमारी के दौरान दो आरोपियों बखार गांव निवासी गंशू उरांव और पंचम उरांव को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में नरकोपी थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ नरकोपी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### राजू कुमार सिंह बने महादानी सत्संग समिति के उपाध्यक्ष सोमा नायक किए गए पदमुक्त

**बेड़ो।** महादानी सेवा सत्संग समिति बेडो.के कमिटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजू कुमार सिंह को महादानी सेवा सत्संग समिति बेडो.का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। शनिवार को महादानी सत्संग समिति की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष हरखनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान महादानी सेवा सत्संग समिति को मजबूती प्रदान करने को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिनमें से पूर्व में उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गए सोमा नायक को महादानी सेवा सत्संग समिति के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से सोमा नायक को पदमुक्त कर नए उपाध्यक्ष पद का चुनाव किया। जिसमें सर्वसमिति से महादानी सेवा सत्संग समिति के सदस्य बेड़ो के राजू कुमार सिंह को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। इस मौके पर महादानी सेवा सत्संग समिति के संरक्षक महावीर गोप, अध्यक्ष हरखनाथ महतो, सचिन मेघनाथ गिरी, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता समेत ईश्वर बड़ाइक, लिबु बड़ाइक, दिनेश गिरी, बादल कुमार, अर्जुन साहू, कुलदीप गोप समेत कई लोग मौजूद थे।

सोलर आधारित पेयजल टंकी बना सिर्फ दिखावा, नहीं है बोरिंग

# अधूरे कार्य से ग्रामीण पेयजल के लिए हैं परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड के गोडाडीह पंचायत के सिधाबगान टोला में नेहरू महतो के घर के सामने पेय जल टंकी में बोरिंग नहीं होने से पेय जल की समस्या काफी दिनों से बनी है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिधा बगान का चापाकल के पानी को ही पुरा टोला के लोग पीते हैं।अगर चापाकल किसी कारण से खराब हुआ तो ग्रामीण को गडडा में जमे पानी (डाड़ी) पानी को मजबूर हो जाते हैं। सरकार के तरफ से सोलर आधारित पेय जल टंकी सिधाबगान टोला के दो जगहों के लिए आया था जिसमें सिधाबगान कुम्हार टोला में सोलर आधारित पेय जल टंकी में बोरिंग के साथ पूरा किया गया। वहीं सिधाबगान नेहरू महतो के घर के साथ में बोरिंग ही नहीं किया गया जो अधूरा ही साल भर से पड़ा हुआ है। ग्रामीण का कहना है कि केवल लोहे के चैनल पर सोलर प्लेट फीट कर दिया और टंकी रख कर चला गया। बोरिंग भी नहीं किया। केवल एक बार बीच में अधूरी टंकी के सामने फोटो कर चला गया।

नेहरू महतो, लोबिन महतो, मंजु देवी,जयंती देवी, गुरूचरण महतो, गीता देवी को भी है। इसके लिए ये लोग बराबर आवाज उठाए हैं। चुनाव के समय आए प्रत्याशी देवेन्द्र महतो को इस समस्या से अवगत कराया गया भी था। आज सिधाबगान में मुख्य समस्या पेय जल ही बनता जा रहा है।

### युवक की मौत

**नामकुम।** थाना क्षेत्र के पुराना रामपुर स्थित साईं ट्रांसपोर्ट के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई और तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। घटना शनिवार की सुबह पांच बजे की है। थानेदार ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि पेशे से सिक्यूरिटी गार्ड प्रिंस कुमार अपनी दादी के श्राद्ध में किराये की कार से तीन लोगों के साथ अपने गांव गया जिले के अमन बिगहा जा रहा था। रास्ते में पाइप लदे 407 वाहन में कार ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए और प्रिंस का गला ट्रक के पीछे निकले पाइप से कटकर अलग हो गया। वहीं कार के एयरबैग भी फट गए थे। सभी घायलों को पुलिस ने प्राथमिक उपचार कराकर जमशेदपुर भेज दिया। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। मृतक के चाचा शमलेश कुमार सिंह ने चालक के खिलाफ लापरवाही से कार चलाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। देर शाम पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

खलारी में राम-सीता विवाहोत्सव संपन्न

## विवाह के सभी रस्म हुए पूरे , उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी विगत शुक्रवार की देर शाम खलारी बाजारटांड़ में भगवान राम व माता सीता का विवाहोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मालूम हो कि खलारी बाजारटांड़ में स्व. जगदीश सिंह के आवास पर पिछले ढाई दशक से ज्यादा समय से विवाह पंचमी का आयोजन होता आ रहा है। प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी जगदीश सिंह के परिवार वालों ने विवाह पंचमी उत्सव का आयोजन किया। आसपास के लोग भी राम-जानकी विवाह में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे लोग ही आधे बाराती थे तो आधे शराती की भूमिका में थे। परिवार के लोग शराती की भूमिका में थे। वहीं आगंतुक बाराती थे। सिद्धनाथ सिंह व उनकी पत्नी इंद्रावती देवी के द्वारा विवाह का कर्मठ किया गया। पुजारी संतोष मिश्रा व अशोक मिश्रा ने वैवाहिक कर्मठ कराया। जगदीश सिंह के पुत्र रमानाथ सिंह ने बताया कि उनके पिता जनकपुरी से उस विवाह मंडप की तस्वीर लाकर रखे हैं जहां राम-सीता का विवाह हुआ था। उस चित्र को सामने रखकर ही वैवाहिक कार्यक्रम किया जाता है। इस दौरान विवाह के सारे रस्म पूरे किए गए। महिलाएं भगवान राम को दूल्हा मानकर विवाह के पारंपरिक गीत गायी।

## न्यूज | बॉक्स

### मनरेगा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



सिल्ली। सिल्ली प्रखंड में शनिवार से तीन दिवसीय मनरेगा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया जो 9 दिसम्बर तक चलेगा। मुखिया पंचायत सचिव एवं तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा मनरेगा से संबंधित विषयों पर वीडियो तकनीक के माध्यम से जानकारी दी गई। जिसमें कार्य से जुड़े टेक्निकल बातों का नॉलेज दिया गया। आज के शुरूआती प्रशिक्षण में मुखिया लालू उरांव, प्रज्ञा केंद्र संचालक क्युम समेत दर्जनों की संख्या में प्रशिक्षणार्थी पहुंचे थे।

### मनरेगा ठेकेदारी नहीं, रोजगार है उद्देश्य: शाल्या परवीन



**खलारी।** खलारी पूर्वी की जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन ने खलारी में मनरेगा योजनाओं में मशीन इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। जिप सदस्य ने कहा कि मनरेगा की योजनाएं ठेकेदारी के लिए नहीं होती। बल्कि इसका उद्देश्य रोजगार देना है। कहा कि उन्हें कई पंचायतों से शिकायत मिली है कि मनरेगा की कई योजनाओं में जेसीबी जैसी मशीन का इस्तेमाल कर दिया जा रहा है। कहा कि मनरेगा में पंजीकृत मजदूरों को थोड़े से पैसे देकर उनके नाम पर मजदूरी का बिल निकाल लेने की कई मामले उनके संज्ञान में आए हैं। इसमें निजी वित्तीय संस्थानों की भी मिली भगत है। वहीं इस पूरे मामले में खलारी प्रखंड के संबंधित पदाधिकारी की संलिप्तता भी प्रतीत होती है। कहा कि खलारी में ऐसे भी रोजगार के संशाधन की कमी है। रोजगार के जिला ग्रामीण दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। ऐसे में मनरेगा ही रोजगार देने व पलायन रोकने में सहायक है। मनरेगा कार्यो में मशीन इस्तेमाल करने वालों तथा इसमें शामिल अधिकारियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। शाल्या परवीन ने कहा है कि वे जिला में होने वाली अगली बैठक में इस पूरे मामले को उपायुक्त के समक्ष रखेंगी।

### मंत्रिमंडल गठन में मुंडा समाज के साथ हुआ सौतेला व्यवहार: मंतोष मुंडा



खलारी। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर के जिला युवा मोर्चा सचिव मंतोष मुंडा ने हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल गठन में मुंडा समाज की अनदेखी करने पर विरोध जताया है। शनिवार को मंतोष मुंडा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज किया। जिसमें तमाड़ विधानसभा से विकास सिंह मुंडा, सिसई विधानसभा से जिगा सुसारन होरो, तोरपा विधानसभा सीट से सुदीप गुड़िया, खूंटी विधानसभा से राम सूर्य मुंडा, कोलेबिरा विधानसभा से नमन विक्सल कोंगाड़ी, पोटका विधानसभा से संजीव सरदार ने जीत दर्ज कर आईएनडीआईए गठबंधन की जीत में अपनी भागेदारी दी है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल गठन में उक्त नवनिर्वाचित विधायकों में किसी एक को भी शामिल नहीं किया गया है। यह मुंडा समाज के साथ सौतेला व्यवहार है।

### दो बच्चे की मां को पति ने पेट्रोल डालकर जलाया, मौत

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के तेतला गांव में आपसी विवाद में पति ने दो बच्चे की मां को पेट्रोल डालकर जला दिया। घटना एक दिसंबर की है। आग लगने से गंभीर रूप से घायल 18 वर्षीय ज्योति देवी को रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। वहीं वारदात को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गुरुवार को मृतका के भाई ने सोरबिन लोहरा ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। बताया जाता है कि ज्योति की शादी ढाई साल पहले सोरबिन के साथ हुई थी। दोनों से डेढ़ साल की दो जुड़वा बेटियां हैं। ज्योति का मायका सिकिदिरी थाना के सोसो गांव में है। वहीं ज्योति की मौत के बाद मायके वाले उसके ससुराल पहुंचे, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव मायकेवालों को सौंप दिया। मायकेवालों ने मृतका का अंतिम संस्कार उसके ससुराल में किया। यह जानकारी थाना प्रभारी चंदन कुमार ने दी।

बच्चों को डालसा ने दी विधिक जानकारी

# गुड टच व बैड टच के बारे में बच्चों को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
डालसा रांची द्वारा एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डालसा चाइल्ड प्रोटेक्शन के प्रतिनिधि मुन्नू शर्मा ने कक्षा 5 से लेकर 12 कक्षा तक के छात्र छात्राओं को विधिक जानकारी प्रदान की। बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उद्देश्य से अवगत कराया। जिसमें विधिक सहायता में निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, आपसी विवाद का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से खत्म करने, चाइल्ड प्रोटेक्शन के तहत गुड टच व बैड टच, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 की मदद, लैंगिक अपराधों के प्रति बनाए गए पाक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, मोटर दुर्घटना अधिनियम पर सहायता एवं मुआवजे की जानकारी, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने, डायन बिसाही जादू टोने के खिलाफ जागरुकता, बाल मजदूरी से बचाव, दिव्यांगजनों के लिए विधिक सहायता का लाभ, ड्राप आउट बच्चों को स्कूल लाने का प्रयास, मनावतस्करी के शिकार होने से बचाव, नशापान से दूर रहने की जानकारी, साइबर फ्राड के प्रति सजगता, पर्यवरण संरक्षण एवं एकल माता पिता के बच्चों के लिए स्पांसरशिप योजना का लाभ के सन्दर्भ में जानकारी प्रदान की गई। मुन्नू शर्मा ने कार्यशाला के दौरान छात्र छात्राओं को बताया कि आज कल बच्चें घरों में माता पिता की बातों को नजरअंदाज कर गलत संगत में पड़ रहे हैं। उनका खान पान समुचित आहार सही रूप में नहीं हो पा रहा है।

**मानसिक अवसाद होने पर भीड़ वाली जगह पर जाएं**

आत्महत्या जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए बताया कि मानसिक अवसाद या किसी भी परेशानी में लोगों को भीड़ भाड़ वाली जगह पर जाना चाहिए या अपने परिचित दोस्त परिवार वालों के बीच बैठ कर उनके साथ समस्याओं को साझा करना चाहिए ताकि मन में उत्पन्न तनाव का बोझ मस्तिक से बाहर आ सके और आत्महत्या जैसी घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके।

## 136 वां श्रीश्याम भंडारा हुआ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्रीश्याम मित्र मण्डल ने हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शनिवार को 136 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन किया गया। नारायण मोदी - पुष्पा मोदी, नवीन -शीतल मोदी, अक्षित मोदी - इशिता मोदी के परिजनों के द्वारा आज का भण्डारा निवेदित था। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में भण्डारे का प्रसाद खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को मोदी परिवार ने अर्पित किया। सभी श्याम भक्तो ने मोदी परिवार के साथ श्याम बाबा के अति लोकप्रिय भोग भजन आवो -आवो भोग लगावो बाबा श्याम जी... रुच-रुच भोग लगावो बाबा श्याम जी... का ताली के साथ गायन कर खाटूनरेश से भोग स्वीकार करने की प्रार्थना की। भोग लगे प्रसाद को नवीन -अक्षित मोदी परिवार ने वृहद भण्डारे में मिश्रित करके महाप्रसाद बनाया। सर्वप्रथम रांची गौशाला की गाय माता के लिए अलग से प्रसाद भेजकर गौ माता की सेवा गयी। मण्डल के वरिष्ठ सदस्य रतन शर्मा व अन्य ने जाकर गौ माता को प्रसाद खिलाया। यजमानश्री मोदी परिवार ने मंदिर के आचार्यों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीश्याम भण्डारे का समय होते-होते मंदिर व हरमू रोड़ में भक्तों की कतार लग गयी। पुरा क्षेत्र खाटूनरेश की जय-जयकारो से गूंजने लगा।

# अवैध साल बोटा लदे पिकअप वैन को वन विभाग ने किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
वन विभाग की टीम ने अवैध साल का बोटा लदे पिकअप वैन का तोरपा से सिसई तक पीछा कर उसे सिसई से जब्त किया है। पिकअप वैन में 12 बोटा अवैध साल का बोटा लदा था। इस कीमती लकड़ी को तस्करी कर ले जाया जा रहा था। वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तपकरा क्षेत्र से अवैध साल बोटा एक पिक अप में लाद कर तस्करी कर ले जाया जाने वाला है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने बासकी मोड़ के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इसी बीच एक पिकअप वैन आता दिखाई दिया। वन विभाग के कर्मियों को देखते ही पिकअप का चालक तेज गति से भागने लगा। वन विभाग की टीम ने पीछा कर सिसई से वाहन को पकड़ा। वाहन पर 12 पीस साल का बोटा लदा था। वाहन चालक मौके पर से फरार हो गया। तस्करों ने साल के बोटा के ऊपर तिरपाल और कुट्टी लाद दिया था। छापेमारी में प्रभारी वनपाल तोरपा अविनाश लुगुन, प्रभारी वनपाल रनिया नितेश केसरी, प्रवीण सिंह, संजय साहू, कमलेश बिंझिया, राकेश कुमार, राहुल महतो आदि शामिल थे।

**बीडीओ ने पंचायत सचिवों-रोजगार सेवकों की लगाई फटकार**

खूंटी। प्रखंड विकास पदाधिकारी, खूंटी ज्योति कुमारी ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिवों एवं रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर मनरेगा, अबुआ आवास योजना और 15वें वित्त आयोग के तहत क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बीडीओ ने प्रत्येक योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया और योजनाओं को समय पर पूरा करने और गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन का निर्देश दिया। बीडीओ ने जोर देकर कहा कि सभी योजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करायें, ताकि ग्रामीणों को उनका लाभ शीघ्र मिल सके। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों को कड़ी फटकार लगाई।

वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मना, ली गई शपथ

# पूरी तरह से अपग्रेड मोड पर चल रहा है चूरी भूमिगत खदान: हनुमंता राव




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सीसीएल एनके एरिया के चूरी परियोजना में 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में सीसीएल के ढोरी खास परियोजना की टीम ने चूरी खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। खान निरीक्षण दल में टीम कन्वेयर रंजीत कुमार, मृत्युंजय कुमार, अभिषेक कुमार, शैलेंद्र कुमार, डीडीएमएस हनुमंता राव, आईएसओ के मनीष मोहन शामिल थे। समारोह की शुरूआत कोल इंडिया का झंडा फहराकर, कार्पोरेट गीत गाकर, दीप जलाकर और सुरक्षा शपथ लेकर किया गया। इसके बाद खान प्रबंधक शैलेश कुमार ने चूरी परियोजना की संक्षिप्त जानकारी दी। निरीक्षण दल के पदाधिकारियों के द्वारा खान सुरक्षा को लेकर कई तरह की जानकारी दी गई। इसके बाद माइंस रेस्क्यू स्टेशन चूरी के कर्मियों द्वारा सुरक्षा आधारित नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं परियोजना के दर्जनों संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को बेहतर कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह में आउटसोर्स कंपनी जेएमएस के द्वारा सुरक्षा उपकरणों के स्टाल लगाए गए थे। जिनका निरीक्षण दल और सेफ्टी कमेटी के सदस्यों ने निरीक्षण किया। वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह को संबोधित करते हुए डीडीएमएस हनुमंता राव ने कहा कि पिछले तीन सालों से चूरी परियोजना में किसी तरह की दुर्घटना नहीं होना यह दशार्ता है कि यहां पर सुरक्षा नियमों का पूर्णता पालन किया जाता है। सीसीएल की यह कोयला खदान पूरी तरह से अपग्रेड मोड पर चल रहा है। सुरक्षा नियमों के एसओपी को हर हाल में पालन किया जाना जरूरी है।

# कृषि के पिछड़ापन को दूर करेंगी शिल्पी नेहा तिर्की : सत्यनारायण

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
मांडर की युवा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को झारखंड सरकार में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बनाए जाने पर लापुंग प्रखंड के कांग्रेस कमेटी मालगो पंचायत के अध्यक्ष सत्यनारायण पाठक तथा पंचायत के प्रभारी संतोष कुमार दास ने संयुक्त रूप कहा कि पूरे झारखंड में माननीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि पशुपालन और सहकारिता के विकास के क्षेत्र में नया आयाम गढ़ेंगी। सत्यनारायण पाठक ने कहा कि शिल्पी नेहा तिर्की में असीम ऊर्जा के साथ साथ काम करने का जज्बा है। कृषि के पिछड़ापन को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। शिल्पी नेहा तिर्की किसानों की समस्याओं को बखूबी समझती है। उन्होंने कहा कि लापुंग सकरकंद की खेती के लिए एक हब माना जाता था। लेकिन कालांतर में मिट्टी के अत्यधिक दोहन के कारण सकरकंद की खेती में कमी आ गई है। कृषि मंत्री के रूप में शिल्पी नेहा तिर्की से पूरे लापुंग की जनता को उम्मीद है कि माननीय मंत्री यहां की मिट्टी की जांच कराएंगी और हर संभावना को दृष्टिकोण में रखते हुए कृषि के क्षेत्र में विकास के लिए कदम उठायेंगी। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष जयंत बरला ने कहा कि धान का सरकारी दर बढ़ा हुआ मिलेगा। किसानों को इससे पूरे झारखंड में लाभ होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की नई मंत्री अपनी काम और विचारधारा से अपनी पहचान रखती हैं। वहीं विधायक प्रतिनिधि संतोष तिर्की, समाजसेवी सह विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र वर्मा, सुदामा महली, जन्मेंजय पाठक, महावीर साहु सहित दर्जनों कार्यकताओं ने शिल्पी नेहा तिर्की को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बनाए जाने पर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं और बधाई दी है।

सीबीएसई का दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित

# नई शिक्षा नीति रटंत प्रवृत्ति से निकालकर समझ की ओर अग्रसर करती है: कमलेश



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
डीएवी स्कूल खलारी में सीबीएसई, पटना द्वारा दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन अमिताभ लाहा व ममता कुमारी तथा विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में सीबीएसई विद्यालयों के पंजीकृत साठ शिक्षक शिक्षिकाएं भाग लिए। योग्यता आधारित मूल्यांकन विषय पर बोलते हुए अमिताभ लाहा और ममता कुमारी ने शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों के बारे में जानकारी दी। वर्तमान युग में बच्चों के बौद्धिक स्तर में आ रहे परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को उन्हें पढ़ाने की नई तकनीकों के बारे में बताया गया। साथ ही उनका मूल्यांकन करने की नई-नई विधियों के बारे में भी बताया गया। ह्यराष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार उन्होंने सभी उपस्थित शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले आमूलचूल परिवर्तनों की जानकारी दी। साथ ही बहुविकल्पीय एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को बनाने एवं जांचने के क्षेत्र में रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया। यह दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को संपन्न होगी। इससे पहले विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने दोनों संसाधनों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमें रटंत प्रवृत्ति से हटाकर समझ की ओर अग्रसर करती है । उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिक्षक संसाधकों के ज्ञान एवं मार्गदर्शन को कक्षा कक्ष में बच्चों के बीच लेकर जाएंगे और अच्छी प्रकार से लागू करेंगे ।

## एक नजर

### बिशप विंसेंट बरवा से विधायक भूषण बाड़ा ने लिया आशीर्वाद

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा शनिवार को बिशप आवास पहुंच सिमडेगा बिशप विंसेंट बरवा से आशिर्वाद लिया। मौके पर उन्होंने आगे भी बिशप से अशीर्वाद बनाए रखने का आग्रह किया। वहीं बिशप ने भी विधायक को जीत की बधाई दी। साथ ही क्षेत्र का चहुमुंखी विकास करने के लिए आशिर्वाद दिया। इसके बाद विधायक संत अन्ना महागिरजाघर पहुंच विजी फा इग्नासियुस टेटे, संत मेरीज स्थित पुरोहितों के आवास पहुंच फा फेडरिक सहित अन्य पुरोहितों, यूसी सामटोली पहुंच सि फुलरीदा डुंगडंग, फा सुप्रिया तिग्गा, सि बेनार्देत, सि सबिना एवं संत अन्ना हॉस्टेल पहुंच संत अन्ना की धर्मबहनों से भी जीत का आशिर्वाद लिया।

### यूएमएस बंडासिंगा में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन संपन्न



**बरकठा।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बन्डासिंगा में विधालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन को लेकर शनिवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया ललीता देवी एवं संचालन विद्यालय सचिव विजय महतो ने किया । वहीं पर्यवेक्षक अर्जुन प्रसाद चौधरी की देख रेख में एसएमसी का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन के लिए छात्रों के माता/पिता, अभिभावकों में कुल 12 सदस्यों का चयन किया गया ,जिसमें सर्वसम्मति से पिंटू राणा को अध्यक्ष, आरती देवी को उपाध्यक्ष और पूनम देवी को संयोजिका के पद पर चयन किया गया ।इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय, नंदु राणा, टुकलाल नायक,अर्जुन नायक, अर्जुन ठाकुर, राजकुमार यादव, सिकंदर राणा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### जंगली हाथी के हमले से युवक हुआ घायल अस्पताल में भर्ती

**बानो।** प्रखंड के चांदसाय में जंगली हाथी के हमला से एक युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गेनमेर पंचायत के चांदसाय गांव में लगभग पन्द्रह हाथियों का एक दल आ धमका। हाथियों के आने पर ग्रामीणों ने मशाल आदि व्यवस्था कर गांव से बाहर खदेड़ने के लिए ग्रामीणों ने निकाला। ग्रामीण जंगली हाथियों को खदेड़ने के लिए आगे बढ़े ही थे कि एक हाथी ग्रामीणों पर हमला कर दिया ।जिससे सुखदेव पाइक घायल हो गया। जानकारी मिलने पर वन विभाग बानो की ओर से घायल के परिजनों को इलाज के लिये गेनमेर मुखिया अनिता डांग की उपस्थिति में 5000/-रु सहायता राशि दिया गया। घायल सुखदेव को प्राथमिक उपचार करने के बाद ।उरकेला ले जाया गया। मौके पर वन विभाग बानो के वनरक्षी मनीष डुंगडुंग, वनरछि सुरेश टेटे, बालेश्वर तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

---

बीआरसी बरकट्ठा में सामाजिक अंकेक्षण को लेकर जनसुनवाई संपन्न

# दो विद्यालय का मुद्दा जिला जनसुनवाई के लिए भेजा गया




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में शनिवार को प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण के लिए जनसुनवाई संपन्न हुई। इस निमित प्रखंड ज्यूरी सदस्यों के बीच कुल 6 विद्यालय का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गयपहाड़ी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय छुतहरीकटिया, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मधुबन गयपहाड़ी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुआटांड़ केंदुआ, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पकरियाटांड़ को शामिल किया गया। इस दौरान दो विद्यालय यूएमएस गयपहाड़ी तथा यूएमएस छुतहरीकटिया का मुद्दा जिला सुनवाई के लिए भेजा गया । ज्यूरी सदस्यों में प्रमुख रेनू देवी, बीडीओ रेशमा डुंगडुंग, 20-सुत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद,रूम टू रीड से मनीष कुमार लाल, सोशल ऑडिट यूनिट से रहमान अंसारी, प्रधानाध्यापक त्रिवेणी यादव, रामकृष्ण प्रसाद, दिनेश कुमार, दिनेश कुमार यादव, नागेश्वर हजाम एवं संजुल मुर्मू उपस्थित थे।

---

जलडेगा में सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत, सीओ ने कहा

# लोगों की भागीदारी व साझा प्रयास से टीबी मुक्त भारत का सपना होगा साकार

> *टीबी को लेकर सभी सरकारी विभागों, निजी क्षेत्र और एनजीओ भागीदारों को टीबी उन्मूलन के लिए एक साथ आने का आह्वान किया*




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** टीबी उन्मूलन के लिए केंद्र की पहल के तहत अंचल अधिकारी जलडेगा शम्भु राम ने शनिवार को जलडेगा में सात दिसंबर से शुरू होने वाले सौ दिवसीय गहन टीबी अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम कि शुरूआत जागरूकता रैली निकालकर कि गई। इस अवसर पर बोलते हुए पीरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीड विद्या बालको ने टीबी के लक्षणोंसे मौजूद लोगों को विस्तार से अवगत कराया साथ ही टीबी के बारे में जागरूकता पैदा करने,रोगियों को सशक्त बनाने,पोषण संबंधी सहायता के लिए सभी निदान किए गए टीबी रोगियों को कवर करने और टीबी उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण हस्तक्षेप के रूप में कलंक को दूर करने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने सभी सरकारी विभागों, निजी क्षेत्र और एनजीओ भागीदारों को टीबी उन्मूलन के लिए एक साथ आने का आह्वान किया। केंद्र सरकार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत सौ दिनों का गहन अभियान शुरू हो रही है जिसका उद्देश्य भारत में टीबी उन्मूलन के व्यापक उद्देश्य के तहत एक गहन अभियान के रूप में मृत्यु दर में कमी लाना है। वहीं अंचल अधिकारी शम्भु राम ने टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और जलडेगा प्रखंड में टीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की।अंचल अधिकारी ने टीबी चैंपियन के रूप में टीबी से बचे लोगों द्वारा अन्य टीबी रोगियों के लिए जागरूकता और परामर्श के लिए निभाई जा रही भूमिका की सराहना की। उन्होंने कुछ टीबी चैंपियन को सम्मानित किया।

---

## न्यूज बॉक्स

### सरस फूड फेस्टिवल में लगाया गया स्वादिष्ट व्यंजन का स्टॉल



**ठेठईटांगर।** नई दिल्ली में चल रहे सरस फूड फेस्टिवल 2024 में झारखंड राज्य से सिमडेगा की दीदियों द्वारा फूड कोर्ट में स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल चलाया जा रहा है। ठेठईटांगर प्रखंड की अलबेला समूह की दीदियों द्वारा इस स्टाल में झारखंडी पकवान जैसे दुष्का, पीठा, गुलगुल्ला, बर्रा, मड़ुआ रोटी, देहाती चिकन, सरला सूप और इडली, रागी मोमो, बिरयानी आदि स्वादिष्ट पकवान बनाए जा रहे है जो कि लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। पूरे फूड कोर्ट में इनका स्टाल आकर्षण का केंद्र बना है। दीदियां बहुत लगन और मेहनत से पकवान बना रही है और उनकी सर्विस, मैनेजमेंट और साफ सफाई से परिदर्शक बहुत खुश हो रहे है। अब तक 250 से भी ज्यादा स्टाल में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठा चुके हैं। दीदियों ने ?14,000 से भी ज्यादा की बिक्री कर ली है। इससे दीदियां बहुत उत्साहित है और उन्होंने आने वाले दिनों में बढ़ने वाली बिक्री के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

### सुरक्षा के लिए नियम विरुद्ध बना दिए गए स्पीड ब्रेकर; दुर्घटनाओं को कर रहा आमंत्रित



**जलडेगा।** थाना क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं, लेकिन यही स्पीड ब्रेकर दुर्घटना का कारण बन रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। मोटरसाइकिल सवार लोग अक्सर चकमा खा जाते हैं। जिसकी वजह से मोटरसाइकिल असंतुलित हो जाती है। कई बार पीछे बैठा व्यक्ति और महिला भी हादसे का शिकार होने से बचे है। जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जलडेगा - सिमडेगा मुख्य सड़क पर जलडेगा थाना के कुछ दूरी में और विलियम चौक के पास बनाए गए स्पीड ब्रेकर का कोई मानक तय नहीं है। स्पीड ब्रेकर इतने ऊंचे बना दिए गए हैं कि वाहन चालक चकमा खा जाते है। अवैध रूप से नियम विरुद्ध बनाये गये स्पीड ब्रेकर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे है। अचानक बीच सड़क पर ऊंचे - ऊंचे स्पीड ब्रेकर बना देने से कई चालक अपना संतुलन खो चुके है। कभी भी इन स्पीड ब्रेकर के कारण बड़ी दुर्घटना घट सकती है। जिसके कारण वाहन चालकों में नाराजगी है। लेकिन, पथ प्रमंडल विभाग की ओर से इन अवैध स्पीड ब्रेकर को हटाने व नियम के मुताबिक स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए कोई सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है।

### श्रम मंत्री ने माता छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**रामगढ़।** उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सह गोड्डा विस के राजद विधायक संजय प्रसाद यादव सपरिवार शनिवार को रजरप्पा पहुंचकर मां छिन्नमस्तिके की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।इसके बाद नारियल फोड़कर पंडित गुड्डू पंडा से रक्षा सूत्र बंधवाया।इस दौरान उन्होंने राज्य की सुख एवं समृद्धि की कामना की।वहीं, रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस में रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित कांग्रेस नेता शहजादा अनवर, बजरंग महतो, जकाउल्लाह, जोया प्रवीण आदि ने मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न फैक्ट्रियों एवं अन्य संस्थान में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही रामगढ़ विधानसभा में तेजी से विकास हो इसको लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर कांग्रेस, झामुमो एवं राजद के नेतागण मौजूद थे।

---

सिमडेगा शहर में निकला विधायक भूषण बाड़ा का आभार यात्रा, कहा

# कार्यकर्ताओं की मेहनत व लोग के प्यार से मिली है जीत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विधायक भूषण बाड़ा का शनिवार को शहर में आभार यात्रा निकाला गया। इस दौरान इंडिया गठबंधन समर्थित पार्टी कांग्रेस, झामुमो आदि पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। आभार यात्रा में शामिल सभी नेताओं, कार्यकर्ताओ एवं समर्थकों में उत्साह देखा गया। लगातार दूरी बार सिमडेगा विधानसभा सीट में राजनीतिक अधिपत्य जमाने के कारण लोगों ने जमकर जश्न मनाया। सभी कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह नजर आ रहा था। कार्यकर्ता गाने के धून पर नाचते गाते, अबीर गुलाल लगाते हुए और आतिशबाजी करते आगे बढ़ रहे थे। वहीं विधायक भूषण बाड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा खुली जिप्सी में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए चल रहे थे। आभार यात्रा शहरी क्षेत्र के प्रिंस चौक स्थित कांग्रेस पार्टी के कार्यालय से शुरू हुई। जो मुख्य पथ स्थित झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, नीचे बाजार, भट्ठीटोली, बीच मुहल्ला से वापस लौटकर सिमडेगा कॉलेज रोड, बाजार टांड़, अलबर्ट एक्का स्टेडियम होते हुए सामटोली पारिस मैदान पहुंची। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कहा कि यह जीत जनताओं के प्यार, आशिर्वाद एवं इंडिया गठबंधन कार्यकत्ताओं के मेहनत का परिणाम है। इस चुनाव में झारखंड के अलावे ओडिशा और छत्तीसगढ़ से भाजपा के कई मंत्रियों और विधायको ने संसाधनों से लैश होकर भाजपा को जिताने के लिए एड़ी चोटी लगा दिया था।

---

जिला समन्वय समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लंबित सभी मामलों को जल्द निष्पादित करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति का बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में लैंड डिमार्केशन, फॉरेस्ट क्लीयरेंस, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रखंड में भूमि उपलब्ध कराने, पीएम किसान, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम-जनमन, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, शिक्षा विभाग, जल संसाधन, नगरपरिषद, भूमि संरक्षण, जेएसएलपीएस, आईटीडीए, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण आदि की समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से स्वीकृत सभी योजनाओं को समय पर धरातल पर उतारना पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है।इस मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

---

# यक्ष्मा उन्मूलन अभियान कार्यक्रम का विधायक ने किया शुभारंभ




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अनुमंडलीय अस्पताल बरही में यक्ष्मा उन्मूलन अभियान कार्यक्रम की शुरूआत हुई. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि बीडीओ जयपाल महतो आदि उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. उद्घाटन सत्र के बाद उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानीं के निर्देशन में पांचवीं बार बरही विस से विधायक निर्वाचित होने वाले विधायक श्री यादव का स्वागत किया गया. उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री टीबी उन्मूलन के तहत पूरे देश से यक्ष्मा को जड़ से समाप्त करना है. इसके लिए प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 तक का अंतिम लक्ष्य निर्धारित किया है. इसी लक्ष्य के साथ अनुमंडलीय अस्पताल ने बरही को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रयासरत है. इसी उद्देश्य से वर्ष 2023 में टीबी के कुल 2480 जांच किए गए. जिसमें 196 मरीज की पहचान हुई, इसमें 164 पूर्ण स्वस्थ हुए और 9 मरीज की मृत्यु हुई. वही 2024 में अब तक 4813 जांच हुए जिसमें 196 मरीजों की पहचान हुई. इनमें 142 मरीज स्वस्थ हुए जबकि 7 की मृत्यु हुई है.

---

# अबुआ सरकार झारखंडी जनमत अनुरूप जन मुद्दों पर कार्रवाई शुरू करें : अजय एक्का



> *शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के सभी रिक्त पदों को 6 महिनें के अंदर भरा जाए। व्यापक अभियान चलाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को स्थापित किया जाए*

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य सह काथलिक युवा संघ सिमडेगा धर्मप्रान्त के पूर्व अध्यक्ष अजय एक्का ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि-झारखंड में हेमंत सोरेन की अगुवाई में बने इंडिया गठबंधन की अबुआ सरकार को बहुत बहुत बधाई। झारखंडी जनता ने हेमंत सोरेन और इंडिया गठबंधन पर भरोसा बरकरार रखते हुए फिर से झारखंड में सरकार बनाने का मौका दिया है। अब पूर्ण बहुमत से बनी इंडिया गठबंधन सरकार बिना हिचकिचाहट, जनमत अनुरूप अपने वादों और राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर काम शुरू करे।आज झारखंड के काई ज्वलंत मुद्दों और? इंडिया गठबंधन के चुनावी वादों को याद दिलाते हुए वर्तमान सरकार से आग्रह करते हैं कि इन महत्वपूर्ण वादों और ज्वलंत जनमुद्दों पर सरकार 6 महिनें के अंदर ही कार्यवाही शुरू करे। सरकार की प्रमुख प्राथमिकता होनी चाहिए राज्य की लाचार सार्वजनिक शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक करना। इसके लिए शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के सभी रिक्त पदों को 6 महिनें के अंदर भरा जाए। व्यापक अभियान चलाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को स्थापित किया जाए। पिछले कार्यकाल में हेमंत सोरेन सरकार ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा से पारित कर केंद्र को संविधान की 9वीं अनुसूचित में सामिल करने के लिए भेजा था लेकिन उन पांच साल रघुवर दास सरकार द्वारा बनाई गई झारखंड विरोधी स्थानीयता व नियोजन नीति ही लागू रही। वर्तमान इंडिया गठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए सबसे पहले इस नीति को रद्द करें और 1932 खतियान व आखिरी सेटलमेंट आधारित नीति (भूमिहीनों के लिए विशेष व्यवस्था) को 9वीं अनुसूचि में डालने का इंतजार किए बिना लागु किया जाए। इंडिया गठबंधन की एक प्रमुख घोषणा है भूमिहीन, दलित व विस्थापितों के जाति/आवासीय प्रमाणपत्र को बनाने की प्रक्रिया को सरल कर 6 महिनें में प्रमाण पत्र बांटना सुनिश्चित करें।

---

दो दिवसीय प्राचीन अघन पंचमी तामड़ा जतरा का हुआ शुभारंभ

# प्राचीन जतरा को बचाए रखने के लिए किया जाएगा प्रयास : विधायक

> *मेले में बच्चों के लिए मनोरंजन के कई प्रकार के साधन जिसमें बिजली झूला, ब्रेक डांस,ड्रेंगन, नाव झूला, जंपिंग मिकी माउस लगे थे*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में ऐतिहासिक अघन पंचमी के मौके पर लगने वाले जतरा मेला का शनिवार को विधि विधान के साथ ग्राम देवी की पूजन एवं रिबन काटकर शुरूआत की गई। सर्वप्रथम गांव के पहान धर्मनाथ खड़िया के द्वारा विधि विधान के साथ पूजन करते हुए क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना एवं अच्छी फसल के लिए भगवान को धन्यवाद दिया। जिसके बाद सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के द्वारा मेला का विधिवत रिबन काटकर इसकी शुरूआत की ।इस दौरान समिति के अध्यक्ष कुबेर कैथवार के द्वारा विधायक का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। मौके पर मेला के शुभारंभ के पश्चात अपने संबोधन में विधायक ने कहा 111 सालों से लगने वाला इस ऐतिहासिक जतरा मेला को जिस प्रकार से दिन प्रतिदिन भव्य तरीके से आयोजन किया जा रहा है यह सराहनीय है । उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हमारा प्रयास रहेगा कि अपनी सभ्यता और संस्कृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मेला सिमडेगा जिला का सबसे प्राचीन है, जिसे प्रशासन और हम सभी मिलकर संरक्षित करने का प्रयास करेंगे। मौके पर आए हुए कई वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातें रखी। मेला में बच्चों के लिए मनोरंजन के कई प्रकार के साधन जिसमें बिजली झूला, ब्रेक डांस,ड्रेंगन, नाव झूला, जंपिंग मिकी माउस, बच्चों के छोटे-छोटे मनोरंजन की चीज खिलौने, मिठाई, सिंगार, कपड़े सहित दूर-दूर से जतरा मेला में दुकानदारों की सुंदर-सुंदर दुकानें सजी जहां पर हजारों की संख्या में लोगों के भीड़ उमड़ी और लोगों ने मेले का आनंद लिया।वहीं बताया गया कि आज रविवार को रात्रि 8 बजे से झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिस पर भव्य मेला का भी आयोजन होगा एवं सोमवार की सुबह कार्यक्रम की समाप्ति के साथ ही दो दिवसीय मेले का समापन किया जाएगा।

---

# कुरडेग में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की हुई शुरूआत




**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को 100 दिवसीय टी बी मुक्त भारत अभियान का शुभ आरंभ प्रखंड प्रमुख सरस्वती देवी एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान 07 दिसम्बर 2024 से 18 मार्च 2025 तक चलेगा स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य के चार जिलों हजारीबाग , रामगढ़, गुमला एवं सिमडेगा जिला में अभियान को सफल बनाने में विभिन्न विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश प्राप्त हुआ है ।वहीं उन्होंने बताया कि टी बी संक्रामक रोग होता है टी बी के मूल लक्षणों में खांसी का लगातार आना, बुखार, थकान, सीने में दर्द , भुख कम लगना, सांस लेने में तकलीफ होना, खांसने के दौरान गले में दर्द होना। यदि ये लक्षण नजर आए तो घबराएँ नहीं, बराबर जांच करवाएं चिकित्सक से सलाह लें। इस बिमारी का ईलाज संभव है यह लाईलाज बिमारी नही है जब तक चिकित्सक नहीं कहें तब तक यह दवा लेते रहें किसी भी परिस्थिति में स्वस्थ होने से पहले व चिकित्सक के परामर्श के बिना दवा का सेवन बन्द नहीं करना चाहिए।

---

सदर अस्पताल में टीबी मुक्त भारत अभियान की उपायुक्त ने की शुरूआत, कहा

# विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर जिले को बनाएं टीबी मुक्त



> *टीबी से ग्रस्ति व्यक्ति को ठीक करने के प्रति आम जनमानस आगे आये, वे भी गांव-समाज के सदस्य हैं*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत सिमडेगा सदर अस्पताल से की गई। 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की शुभारंभ उपायुक्त अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो. शमी आलम एवं जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह अभियान 18 मार्च 2025 तक चलेगा ।उपायुक्त ने इस अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन के लिए राज्य के चार जिलों का चयन किया गया जिसमें सिमडेगा जिला भी शामिल हैं। इस 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में विभिन्न विभागों एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करते हुए सिमडेगा जिला को टी.बी. मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि टीबी से ग्रस्ति व्यक्ति को ठीक करने के प्रति आम जनमानस आगे आये, वे भी गांव-समाज के सदस्य हैं, उन्हें भी एक अच्छी जीवन जीने में मदद करने में उनका सहयोग करें। यह छुआ-छुत की बिमारी नही हैं, टीबी के प्रति मन में बैठी कुन्ठा को जिले से खत्म करना है, सभी मिलकर इस अभियान में बिमारों को इलाज कर गांव-टोला को टीबी मुक्त बनना है। इस दौरान विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसमें टीबी की स्क्रीनिंग और उपचार की सुविधा दी जाएगी ।उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर सिमडेगा से टीबी बीमारी की विदाई सरकार द्वारा तय की गई समय से पहले कर के दिखाएंगे।

